Printed from
नवभारत टाइम्स
Navbharat Times - Breaking news, views. reviews, cricket from across India

ग्रेनो एक्सप्रेस-वे पर बनेगा टाउनशिप!

31 Dec 2010, 0400 hrs IST, नवभारत टाइम्स

नगर संवाददाता

गाजियाबाद।। ग्रेटर नोएडा मिनी एक्सप्रेस-वे पर जीडीए नई टाउनशिप डिवेलप करेगा। यहां 200 एकड़ में नई टाउनशिप बनाने की योजना है। इसके लिए जीडीए ने करीब 75 एकड़ जमीन के अधिग्रहण का प्रस्ताव भेज दिया है। जल्दी ही करीब 125 एकड़ जमीन के अधिग्रहण के लिए एक और प्रस्ताव सरकार को भेजने की योजना बनाई जा रही है। जीडीए की यह टाउनशिप बहरामपुर गांव के पास ग्रेटर नोएडा की लोकेशन पर होगी।

ग्रेटर नोएडा को गाजियाबाद सिटी से जोड़ने के लिए मिनी एक्सप्रेस-वे बनाने का काम पूरा किया जा रहा है। ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी ने सूरजपुर से गाजियाबाद के पास तक करीब 16 किलोमीटर तक मिनी एक्सप्रेस-वे बनाया है। अब एनएच-24 से यह रोड केवल दो किलोमीटर दूर रह गई है। जीडीए के एरिया में होने के कारण बाकी बचे रोड जीडीए बनाएगी। जीडीए भी इस मिनी एक्सप्रेस-वे पर कई करोड़ रुपये खर्च कर रही है। जीडीए इस लोकेशन पर नई टाउनशिप डिवेलप करना चाहती है। भू-अर्जन विभाग के सूत्रों ने बताया कि करीब 200 एकड़ जमीन में नई टाउनशिप डिवेलप करने की योजना पर कार्य कर रहा है।

टाउनशिप के लिए जीडीए दो फेज में जमीन के अधिग्रहण करने की प्लानिंग कर रहा है। भू अर्जन विभाग ने अभी तक फर्स्ट फेज में 75 एकड़ जमीन के अधिग्रहण का एक प्रस्ताव भेजा है। सूत्रों का कहना है कि अभी आसपास के इलाके में जीडीए के विकास क्षेत्र में करीब 125 एकड़ जमीन ऐसी हो सकती है जो अधिग्रहण की जा सकती है। इसके लिए जल्दी ही सर्वे का कार्य पूरा कर शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। जीडीए की प्लानिंग है कि इस पूरी जमीन में ग्रुप हाउसिंग डिवेलप की जाए। यह लोकेशन सिटी के लोगों के लिए नई होगी। यहां से ग्रेटर नोएडा कुछ ही मिनट में पहंुचना आसान होगा। यहां से विजय नगर बाईपास काफी निकट होगा।

Recommend Be the first of your friends to recommend this.

इस आर्टिकल को फेसबुक पर शेयर करें।
इस आर्टिकल को ट्वीट करें।

देश-दुनिया की खबरें विडियो में। देखने के लिए क्लिक करें।

About Us | Advertise with Us | Terms of Use | Privacy Policy | Feedback | Sitemap
Copyright © 2011 Bennett Coleman & Co. Ltd. All rights reserved. For reprint rights: Times Syndication Service
This site is best viewed with Internet Explorer 6.0 or higher; Firefox 2.0 or higher at a minimum screen resolution of 1024x768